C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:41 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 7:16 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 179 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 8 जनवरी 2025

आलिया भट्ट होंगी अगली दीपिका...पेज-3 पर

## दस जनवरी तक हाड़ कंपाने वाली ठंड से ठिठुरेंगे लोग

हल्द्वानी/देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में सुबह-शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मैदानी इलाकों में कोहरे ने ठंड को बढ़ा दिया है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में बीते दिनों हुई बर्फबारी के बाद कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

उत्तराखंड में मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में सुबह-शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मैदानी इलाकों में कोहरे ने ठंड को बढ़ा दिया है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में बीते दिनों हुई बर्फबारी के बाद कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हल्द्वानी में मंगलवार तड़के तीन बजे से लगा कोहरा करीब सात घंटे बाद सुबह 10 बजे के करीब छट सका। हालांकि उसके बाद भी धुंध छाई रही। दिनभर बादलों की ओट और पछुवा



**मौसम**

- आज भी हल्द्वानी व तराई क्षेत्र कोहरे के आगोश में है।

हवाओं के कारण शीतलहर चली। ठंड के चलते बाजार से रौनक गायब रही। जगह-जगह लोग अलाव सेंकते नजर आए। ठंड के चलते तापमान में गिरावट रही। घने कोहरे के कारण मंगलवार सुबह लोग घरों में कैद रहे। दफ्तरों में भी कर्मचारियों ने हीटर और ब्लोअर का सहारा लिया। इस दौरान लगातार हवाएं चलती रहीं जिससे अधिकतम तापमान घटकर 13 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम पारा 8.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को अधिकतम पारा 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मक्तेश्वर का अधिकतम पारा 15.1 और न्यूनतम 2.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के मौसम जानकार डॉ. आरके सिंह ने बताया कि पछुआ हवाएं 8.7 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। 10 जनवरी तक घना कोहरा रहेगा। 11 जनवरी को हल्की बारिश हो सकती है।

**News कॉर्नर**

### ऊधमसिंह नगर में पुलिस के रडार पर आए छह खालीस्तानी समर्थक

देहरादून। पीलीभीत में हुए एनकाउंटर के बाद प्रदेश में भी अलर्ट किया गया था। इसके बाद से लगातार संदिग्धों पर नजर रखी जा रही थी। इसी बीच आतंकी पन्नू की भी भारत में बड़ा हमला करने संबंधी धमकी मिली थी ख़ालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद ऊधमसिंह नगर में छह खालिस्तानी समर्थकों को पुलिस ने रडार पर लिया है। इन सभी की लगातार निगरानी की जा रही है। पिछले दिनों पीलीभीत में भी तीन खालिस्तानी आतंकवादी पुलिस एनकाउंटर में मार गिराए गए थे। हालांकि, इन आतंकियों का प्रदेश से कोई ताल्लुक नहीं बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पीलीभीत में हुए एनकाउंटर के बाद प्रदेश में भी अलर्ट किया गया था। इसके बाद से लगातार संदिग्धों पर नजर रखी जा रही थी। इसी बीच आतंकी पन्नू की भी भारत में बड़ा हमला करने संबंधी धमकी मिली थी। इसे लेकर पुलिस ओर इंटेलीजेंस ने भी अपनी जांच शुरू की थी। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस क्रम में स्थानीय पुलिस ने छह संदिग्धों को अपने रडार पर लिया है। उनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। बताया जा रहा है कि ये सब संदिग्ध खालिस्तान के समर्थक हैं लेकिन किस संगठन से जुड़े हैं इसकी जानकारी की जा रही है।

### भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

देहरादून। निकाय चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस के बाद अब भाजपा ने भी चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव में प्रचार के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने सीएम योगी आदित्यनाथ और सीएम धामी समेत 40 दिग्गज नेताओं को मैदान में उतारा है। पार्टी ने प्रचार के लिए कई पूर्व सीएम और विधायकों को भी शामिल किया है।

डिजिटल परियोजनाओं का शुभारंभ

## सरकारी योजनाएं, कार्यक्रम सेवाएं अब एक पोर्टल पर

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास फ्रेमवर्क में बनी समस्त विभागों की वेबसाइट साइबर सुरक्षा की दृष्टि से एक मील का पत्थर साबित होंगी। यह महत्वपूर्ण बात है कि राज्य में आईटीडीए को यूआईडीएआई ने ऑथेंटिकेशन यूजर एजेंसी-की यूजर एजेंसी बनाया है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) और एनआईसी की ओर से विकसित की गई विभिन्न डिजिटल परियोजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा, नई तकनीकी को आत्मसात करते हुए आईटीडीए और एनआईसी ने संयुक्त रूप से विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं। इससे आम जनमानस को ऑल इन वन की तर्ज पर एक ही वेबसाइट digital.uk.gov.in पर आसानी से विविध प्रकार की सेवाएं मिल सकेंगी। विभागों के कार्यों की प्रगति ऑनलाइन देखी जा सकेगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि स्वास फ्रेमवर्क में बनी समस्त विभागों की वेबसाइट साइबर सुरक्षा की दृष्टि से एक मील का पत्थर साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण बात है कि राज्य में आईटीडीए को यूआईडीएआई ने ऑथेंटिकेशन यूजर एजेंसी-की यूजर एजेंसी बनाया है। इसके बाद आधार ऑथेंटिकेशन एवं ई-केवाईसी से संबंधित सेवाएं राज्य के विभिन्न विभागों की ओर से विकसित किए गए पोर्टलों जैसे यूसीसी, वर्चुअल रजिस्ट्री आदि के माध्यम से प्रदान की जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य डेटा सेंटर ने भी साइबर अटैक के बाद खुद को इंप्रूव किया है। नियर डिजॉस्टर रिकवरी को सचिवालय में स्थापित किया गया है। यह बड़ी बात है कि इस रिकवरी सेंटर में राज्य की विभिन्न संवेदनशील एप्लीकेशन व वेबसाइट को किसी भी आपात स्थिति होने की दशा में 15 मिनट के अंतराल में सुचारु किया सकेगा। मुख्यमंत्री ने डिजिटल डिजिटलीकरण के बेहतर इंप्लीमेंटेशन के लिए सभी विभागों को बेहतर सेटअप बनाने के निर्देश दिए। सीएम ने आईटीडीए को निर्देश दिया कि विकसित किए गए नए प्लेटफार्म पर सुगमता और तेजी से कार्य करने के लिए सभी विभागों का मार्गदर्शन करें। इस दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, एल फैनई, आर मीनाक्षी सुंदरम, नितेश झा, पंकज पांडेय, दीपेंद्र चौधरी, डॉ. आर राजेश कुमार, निदेशक आईटीडीए नितिका खंडेलवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्तरायणी मेले का उद्घाटन, पर्वतीय संस्कृति को संजीवनी देने का प्रयास

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बुधवार को पर्वतीय संस्कृत उत्थान मंच द्वारा आयोजित वार्षिक उत्तरायणी मेला भव्य रूप से प्रारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर और अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल द्वारा सयुंक्त रूप से फीता काट कर किया गया।

उद्घाटन समारोह में उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि उत्तरायणी मेला और घुघुतिया त्यार हमारे पर्वतीय समाज की पहचान है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस मेले का आयोजन हर साल इसलिए किया जाता है, ताकि पर्वतीय समाज को एकता के सूत्र में बांधते हुए अपनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया जा सके और आगामी पीढ़ियों के लिए इस सांस्कृतिक धरोहर को संजोया जा सके। अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तरायणी पर्व पर पर्वतीय समाज के सभी सदस्यों को एक जुट होकर मेले में भागीदारी करनी चाहिए, ताकि अपनी सांस्कृतिक पहचान को उजागर किया जा सके। इस मेले में विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प उत्पाद, पारंपरिक खाद्य सामग्री, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो स्थानीय लोगों एवं पर्यटन को भी आकर्षित करेगा। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस मेले का लाभ उठाएं और अपनी संस्कृति को संजोते हुए इसे सफल बनाएं। इस मौके पर संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर और अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट,सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, कैलाश जोशी, शोभा बिष्ट, पुष्पा संभल, विमला संगुड़ी, मधु संगुड़ी, चंद्रशेखर परगाई, धर्म सिंह बिष्ट, हेमंत बगडवाल, एनबी गुणवंत, ललित बिष्ट, ललित प्रसाद, लक्ष्मण सिंह मेहरा, हेम भट्ट, नीरज बगडवाल , पुष्पा नेगी, गोपाल जोशी, यशपाल टम्टा, मंजू दानू, हरीश मेहता, राजेन्द्र सिंह बिष्ट सहित कई लोगो उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप उपाध्याय ने किया।



## रेडियोलॉजिस्ट न होने से मरीजों को बिना अल्ट्रासाउंड के लौटना पड़ा

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब रेडियोलॉजिस्ट की स्थाई व्यवस्था नहीं होने पर मरीजों को कई बार अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को भी जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से मरीजों को बिना अल्ट्रासाउंड के ही वापस लौटना पड़ा।

बता दें कि राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में एक ही रेडियोलॉजिस्ट तैनात हैं जिसको हर रोज 40 से 50 लोगों का अल्ट्रासाउंड करना होता है। इसमें मरीजों के साथ गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं जो दो साल के लिए एज्युकेशन लीव पर गए हुए हैं हांलाकि जिला अस्पताल प्रबंधन की ओर से अन्य अस्पतालों से अस्थाई तौर पर रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था की गई है लेकिन मंगलवार को रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था नहीं हो पाए। कई मरीजों को अस्पताल से बिना अल्ट्रासाउंड कराए ही वापस लौटना पड़ा।

जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट की अस्थाई तौर पर व्यवस्था की गई है जिससे कई बार दिक्कतें आ रही हैं लेकिन जल्द ही अस्पताल में स्थाई रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर दी जाएगी।

## 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे ने जिला सहकारी बैंक सभागार में विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कई एनएचएआई, एन एच, आरटीओ, परिवहन निगम, रेलवे सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर नाराजगी जताई और इनकी शिकायत आला अधिकारियों को देने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को सफल बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। साथ ही यह भी तय हुआ कि सीडीओ इसी हफ्ते में रूट का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। सीडीओ पांडे ने कहा कि विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी पंतनगर एयरपोर्ट, हल्द्वानी-काठगोदाम रेलवे स्टेशन, हल्द्वानी बस स्टैंड से



पहुंचेंगे इसलिए इन को जोड़ने वाले सभी रूटों को दुरुस्त किया जाए। सड़कों के चौड़ीकरण, गड्ढामुक्त व सौंदर्यकरण समय से किया जाए। इस पर लोनिवि ईई अशोक चौधरी ने बताया कि लगभग सभी सड़कों के किनारे इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का काम पूरा होने को है। सड़कों पर मीडियन, मरम्मत व रंगारोगन कर दिया गया है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कि आपात, प्राथमिक व द्वितीय स्वास्थ्य टीमें तैनात कर ली गई हैं। खिलाड़ियों के उपचार के लिए स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के विभिन्न अस्पतालों से पैनल कर लिया गया है। एसटीएच समेत अन्य अस्पतालों में नोडल एवं सह नोडल चिकित्सक भी तैनात कर दिए गए हैं। इवेंट्स के अनुसार मेडिकल टीमों की तैनाती की माइक्रो प्लानिंग भी कर ली गई है। सीडीओ ने जिला उद्योग केंद्र से कहा कि मिनी स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, खिलाड़ियों के ठहरने वाले होटल में उत्तराखंडी उत्पाद के स्टॉल लगाएंगे। सीडीओ ने डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी को निर्देश दिए कि विभिन्न राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों के जनसंपर्क अधिकारी से समन्वय स्थापित कर लें ताकि कोई परेशानी न हो। लोनिवि भवाली डिवीजन को माउंटेन बाइकिंग के लिए नौकुचियाताल रोड का स्थलीय निरीक्षण कर मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर बजट की मांग के लिए कहा ताकि समय से पहले काम पूरा हो सके। बैठक में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, एसीएमओ डा श्वेता भंडारी, डीडीओ गोपाल गिरी, ईई लोनिवि अशोक चौधरी, जलसंस्थान रवि शंकर लोशाली सहित एनी अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी जोशी ने किया जनसंपर्क

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कांग्रेस मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित और माल्यार्पण कर की।

इस अवसर पर उन्होंने डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। ललित जोशी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की सबसे स्थायी विरासत भारतीय संविधान की रचना है, जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांत निहित हैं। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को भारतीय समाज के उत्थान का प्रतीक बताया और कहा कि उनके विचार आज भी हर वर्ग और समाज को प्रेरित करते हैं। ललित जोशी ने अपने संबोधन में संविधान के महत्व पर जोर देते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र का सबसे सशक्त आधार बताया। जनसंपर्क अभियान के बाद ललित जोशी ने वार्ड नंबर 35 में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान भारी उत्साह और जोश के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। अपने भाषण में उन्होंने जनता से सीधे




संवाद करते हुए शहर के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में शहर के कई वार्ड विकास से अछूते रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने यह सुनिश्चित किया है कि विकास की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे आगामी 23 तारीख को कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाकर उन्हें विजयी बनाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह हर वर्ग के साथ खड़े हैं और सभी के विकास के लिए काम करेंगे। ललित जोशी ने बताया कि कांग्रेस की प्राथमिकता शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और हर नागरिक की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और जनता की भलाई के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जनता और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। ललित जोशी ने जनता को यह विश्वास दिलाया कि वह न केवल चुनाव जीतने के लिए, बल्कि जनता की समस्याओं का हल करने और शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश, प्रदेश प्रवक्ता दीपक बलयूटिया, कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष महेशानंद, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने जनता से अपील की कि वे कांग्रेस के साथ खड़े हों और शहर के विकास के लिए पार्टी को समर्थन दें।



## नियमितीकरण को 86वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 186वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने नित्य की भांति मंगलवार को उल्का देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि अब कल से पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में आने वाले पर्यटकों को भी पौधारोपण आंदोलन से जोड़ते हुए पौधा लगाकर सहयोग मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मचारी लगाए गए पौधों का भी संरक्षण कर रहे हैं। कार्यक्रम में शेर सिंह, शोभा राम, पदम सिंह, वेद प्रकाश, सौरभ खोलिया, नरेंद्र थापा, महेश कुमार, विजय बोरा, दीपक, राजेंद्र तथा नरेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय नैनीताल में 32 बूथ अध्यक्षों की बैठक आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल नगर पालिका परिषद में पड़ने वाले बूथों के 32 बूथ अध्यक्षों की बैठक मंगलवार को भाजपा प्रत्याक्षी जीवंती भट्ट के चुनाव कार्यालय मल्लीताल में हुई।

बता दें बैठक में बूथ अध्यक्षों से चुनाव प्रभारी कमल नयन जोशी ने कहा कि 10 जनवरी (शुक्रवार) तक अपने बूथों में बैठक कर बूथ में प्रचार की रणनीति बनाकर चुनाव प्रचार में तेजी लाने के लिए बूथ कमेटियों को सक्रिय करें। विधायक सरिता आर्य ने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्षों को अपने बूथ से भाजपा प्रत्याक्षी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए वोटरो को बूथ तक लाने का प्रयास करें। चुनाव सयोजक भानु पंत ने कहा टीम भावना के साथ बूथ अध्यक्षों को बूथों में प्रचार करने पर जोर देना होगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट , चुनाव कार्यालय प्रभारी भूपेंद्र सिंह बिष्ट, डौली वर्मा, पूर्व जिला मंत्री हरीश भट्ट तथा मंडी बोर्ड के सलाहकार मनोज जोशी, नितिन कार्की, विकाश जोशी तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन पांडे समेत 32 बूथों के अध्यक्ष मौजूद थे।



## NEWS / फटाफट

### 118 ग्राम चरस के साथ एक को दबोचा

**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल के तल्लीताल थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को 118 ग्राम चरस के साथ पकड़ा है। व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत युवाओं को नशा मुक्त बनाने के लिए, जिले में अभियान चालाया जा रहा है। जिसके तहत एसपी डॉ. जगदीश चंद्र के दिशा निर्देशन पर सीओ प्रमोद शाह के पर्यवेक्षण व एसओ रमेश चंद्र बोहरा के नेतृत्व में सोमवार की देर रात चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चैकिंग के दौरान डोलमार भुजिया घाट के पास एक मोड़ से एक युवक की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जाजर कोट निवासी राम बहादुर वली (19) हाल निवासी भुजियाघाट थाना के कब्जे से 118 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई । एसओ रमेश बोरा ने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

### पुलिस ने यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया

**नैनीताल।** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने व गलत दिशा में वाहन चलाने वालों को पुलिस ने यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। साथ ही चालानी कार्रवाई कर नियमों का पालन करने की अपील की। बता दें कि तल्लीताल क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य के बाद चौराहा चौड़ा हो गया है जिससे वाहनों को चलने के लिए काफी जगह मिल गई है लेकिन अब सड़क किनारे जगह दिखने पर लोग अपने वाहन पार्क कर रहे हैं जिससे सड़क अपनी पुरानी स्थिति में आ रही है जिससे कई बार यातायात भी प्रभावित हो रहा है, जिसको लेकर अब पुलिस ने सख्त अभियान चलाकर नो पार्किंग जोन में पार्क होने वाले वाहनों के स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई शुरु कर दी है। मंगलवार को भी तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वाले वालों को पहले यातायात नियमों की जानकारी दी। जिसके बाद लगभग 10 वाहनों के स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की साथ ही विपरीत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

### नशा मुक्ति अभियान चलाने की शपथ दिलाई

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर तल्लीताल पुलिस ने युवाओं, गाइड व टैक्सी चालकों के साथ नशे के दुष्परिणाम पर चर्चा की। साथ ही नशा न करने व अपने परिवार से नशा मुक्ति अभियान चलाने की शपथ ली। पुलिस की ओर से चौराहों गलियों में पोस्टर बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में एसओ रमेश बोरा ने मंगलवार की शाम तल्लीताल डांठ चौराहे पर युवाओं तथा टैक्सी चालकों व गाइडों के साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव व परिवार में नशे का असर की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से नशा छोड़ने की अपील की साथ ही लोगों को नशे को समाज से उखाड़ फेंकने की भी शपथ दिलाई।

### प्रत्याशी डा.सरस्वती खेतवाल ने किया प्रचार



**नैनीताल ।** पालिकाध्यक्ष पद की कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी डा.सरस्वती खेतवाल ने मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ नगर के राजभवन, अम्तुल व शेरवुड स्कूल, पूरन पार्क, लौंग व्यू, सेंट मैरी स्कूल आदि क्षेत्रों में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की गुजारिश की। इस दौरान डा.खेतवाल के साथ नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. भावना भट्ट समेत लता तरुण, गीता मंडल, लीला जोशी, चंपा सनवाल, आशा भट्ट, भुवन बिष्ट तथा साकेत बिष्ट आदि महिलाएं मौजूद रही। दूसरी चुनाव संचालन कमेटी के संयोजक तथा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल के साथ व्यापार मंडल मल्लीताल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी डा.सरस्वती खेतवाल के लिए तल्लीताल बाजार, फांसी गधेरा, पिछाड़ी बाजार, फ रिस्ट कंपाउंड तथा हरीनगर आदि क्षेत्र में प्रचार किया। इस दौरान कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## उत्तराखंड में किसी भी रोगी में ह्यूमन वायरस की पुष्टि नहीं

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डा.हरीश चंद्र पंत ने बताया कि वर्तमान में ह्यूमन मेटाप्न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) श्वसन तंत्र रोग वैश्विक रुप से प्रसारित हो रहा है जो कि अन्य श्वसन तंत्र रोगों के समान ही सामान्य सर्दी जुकाम एवं फ्लू जैसे लक्षण के साथ सर्दी के मौसम में परिलक्षित होता है।

वर्तमान तक उत्तराखंड राज्य में किसी भी रोगी में ह्यूमन वायरस की पुष्टि नहीं हुई है। डा. पंत ने बताया कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) सामान्य सर्दी जुकाम के लक्षणों के साथ ही आता है साथ ही 3 से 5 दिन के भीतर स्वतः ही ठीक हो जाता है जिसको लेकर किसी प्रकार कि भ्रांति तथा भय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने एतिहायात के तौर पर ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस समेत अन्य शीतकालीन संबंधित समस्त श्वसन तंत्र रोगों से बचाव एवं रोकथाम के लिए नैनीताल जिले के सभी चिकित्सालयों में इन्फ्लूएजा/ निमोनिया रोगियों के उपचार हेतु पर्याप्त आईसोलेशन बेड/वार्ड आक्सीजन बेड/ आईईसीयू बेड/ वेंटिलेटर आक्सीजन सिलेंडर और समस्त चिकित्सालयों में आवश्यक औषिधियों एवं सामग्री आदि की उपलब्धता तथा चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता साथ ही चिकित्सालय एवं समुदाय स्तर पर इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) तथा गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी(एसएआरआई) के लक्षणों वाले रोगियों की सघन निगरानी की जाए साथ ही रोगियों का विवरण अनिवार्य रुप से आईडीएसपी के अंतर्गत आईएचआईपी पोर्टल में प्रविष्टी करने की बात कही।

## विधायक का डोर टू डोर जनसंपर्क, आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी में घर-घर पहुंच भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

नगर निगम चुनाव मे प्रचार की रफ्तार हुई तेज विधायक शिव अरोरा ने भी व्यापक जनसंपर्क करना प्रारम्भ कर दिया है, उन्होंने भाजपा मेयर प्रत्याशी विकास शर्मा के समर्थन मे प्रचार मे तेजी लाते हुए वार्ड न. 35 आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी मे डोर टू डोर जनसंपर्क किया, इस दौरान उन्होंने भाजपा मेयर प्रत्याशी विकास शर्मा ओर वार्ड न 35 से पार्षद प्रत्याशी सरो राय के पक्ष मे घर घर वोट मांगे।

विधायक शिव अरोरा ने निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही अपनी कमर कस ली है, विधायक अरोरा ने कहा की भाजपा मेयर प्रत्याशी विकास शर्मा को व्यापक समर्थन मिल रहा है हर गली माहौलो मे भाजपा के पक्ष मे जनता का उमड़ रही है जो बताता है कि रुद्रपुर में भाजपा अजेय है और इसको रुद्रपुर कि जनता ने पिछले दो नगर निगम चुनाव मे कर के दिखाया



है ओर हम प्रदेश कि धामी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को घर घर तक बखान कर रहे है हमारी सरकार ओर आपके विधायक के प्रयास से आज नजूल पर बैठे गरीब परिवारों को मालिकाना हक देने का कार्य किया है, भाजपा सरकार सदैव जनता के अनुरूप कार्य कर रही है।

इस दौरान विधायक ने वार्ड न 35 से पार्षद प्रत्याशी सरो राय के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि भाजपा के मेयर प्रत्याशी बड़े अंतर से महापौर की सीट जीतने जा रहे है और इस बार नगर निगम मे बहुत बड़ी संख्या मे भाजपा के पार्षद जीत के आने वाले है।भाजपा को जिताने की अपील की। इस दौरान भाजपा नेता तरुण दत्ता, जगदीश तनेजा,ईश्वर मलिक, गोविन्द राय, सरोज राय,रविंद्र धर, मयंक कक्कड़, रश्मि, स्वाति, पर्वती, रजनी, ममता मंडल, प्रिया विश्वास आदि मौजूद रहे।

# अभिमत



## शिक्षा की बुनियाद

***जब फेल नहीं करने का नियम लागू हुआ था, तब शिक्षाविदों ने आशंका जाहिर की थी कि स्कूली शिक्षा पर विपरीत प्रभाव होगा, यह संशय सही साबित हुआ। दरअसल स्कूली शिक्षा बुनियाद है। शिक्षा व्यवस्था, समाज और देश की सम्पूर्ण व्यवस्था का ढांचा स्कूली शिक्षा पर टिका है। नर्सरी से लेकर आठवीं तक की शिक्षा में विद्यार्थी की प्रतिभा का आकलन हो जाता है। 'पूत के पांव पालने में दिख जाते हैं' इस कहावत को स्कूली शिक्षा चरितार्थ करती है।***

शिक्षा व्यवस्था में हर स्तर पर खामियां उजागर होती रहती हैं। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजे कई वर्षों से खराब आ रहे हैं। शिक्षाविदों ने विचार-विमर्श करके निष्कर्ष निकाला कि कक्षा आठ तक किसी विद्यार्थी को फेल नहीं करने के नियम के कारण स्कूली शिक्षा के स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। वर्ष 2010-11 में पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा बंद कर दी गई थी। विद्यार्थी को अगली कक्षा में भेज दिया जाता था। इस प्रावधान के बाद विद्यार्थियों में अधिक से अधिक अंक से पास होने के लिए प्रतिस्पर्धा का अभाव हो गया था। अब शिक्षा मंत्रालय के नये नियम के अनुसार विद्यार्थी को पांचवीं और आठवीं की परीक्षा में फेल किया जा सकता है। फेल विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने के दो माह बाद परीक्षार्थी को एक और मौका दिया जायेगा, उस परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर ही अगली कक्षा में प्रवेश मिलेगा। जब फेल नहीं करने का नियम लागू हुआ था, तब शिक्षाविदों ने आशंका जाहिर की थी कि स्कूली शिक्षा पर विपरीत प्रभाव होगा, यह संशय सही साबित हुआ। दरअसल स्कूली शिक्षा बुनियाद है। शिक्षा व्यवस्था, समाज और देश की सम्पूर्ण व्यवस्था का ढांचा स्कूली शिक्षा पर टिका है। नर्सरी से लेकर आठवीं तक की शिक्षा में विद्यार्थी की प्रतिभा का आकलन हो जाता है। 'पूत के पांव पालने में दिख जाते हैं' इस कहावत को स्कूली शिक्षा चरितार्थ करती है। ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौर में कांवेंट और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में धनाड्य परिवारों के बच्चे पढ़ते थे। वर्तमान में भी निजी क्षेत्र के विद्यालयों में आर्थिक रूप से सम्पन्न परिवार के बच्चे पढ़ते हैं। सरकारी स्कूलों में मध्यम और निम्न वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं। विपरीत परिस्थितियों और आर्थिक संकट में प्रतिभावान बच्चे कुंठित रह जाते हैं। सर्वशिक्षा अभियान के तहत सरकार ने पांच साल की उम्र के हर बच्चे को स्कूल भेजना अनिवार्य किया है। दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जाता है। किताबें तथा अन्य सामग्री निशुल्क मुहैया कराई जाती है। सर्व शिक्षा अभियान, साक्षरता अभियान तथा स्कूल चलो कार्यक्रम को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने का मुख्य कारण समाज के वर्ग विशेष के अभिभावकों की शिक्षा के प्रति अरुचि है। अशिक्षित अभिभावकों का एक बड़ा हिस्सा बच्चों को भी अशिक्षित रखता है। गूदड़ी में लाल की लोकोक्ति सिद्ध करते हुए मजूदर तबके के एक-दो बच्चे अधिकारी, डाक्टर, इंजीनियर बने हैं। स्कूली शिक्षा में सुधार से देश को शिक्षित नागरिक मिलने के साथ ही हर स्तर पर बेरोजगारी दूर होगी और अपराध में रुकेंगे।

# परिवादीगणों ने बीमा कम्पनी से किया लोन का अनुरोध

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिला उपभोक्ता आयोग नैनीताल द्वारा हीरा शर्मा व अन्य बनाम एचडीएफसी अर्गोवाद में आदेश पारित किया गया। आयोग के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल तथा सदस्य लक्ष्मण सिंह रावत के मुताबिक परिवादिनी के पति स्व. सुनील कुमार शर्मा द्वारा अपने जीवन काल में विपक्षी एचडीएफ सी अर्गो जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी से अपने लोनों को सिक्यौर करने हेतु क्रमशः 1 व 2 करोड़ की दो बीमा पालिसियां क्रय की गयी गयी थी।

बीमाधारक की आकस्मिक मृत्यु के पश्चात परिवादीगणों द्वारा विपक्षी बीमा कम्पनी से लोन के भुगतान का अनुरोध किया गया था। विपक्षीगण बीमा कम्पनी द्वारा लोनों का भुगतान ना करने पर परिवादीगण द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग, नैनीताल के समक्ष परिवाद योजित किया गया। प्रस्तुत प्रकरण में जिला उपभोक्ता आयोग नैनीताल द्वारा पाया गया कि विपक्षीगण बीमा कम्पनी द्वारा बीमा कबरनोट में यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि उनके द्वारा प्रश्नगत दो पालिसियों द्वारा मृतक बीमाधारक के किन-किन लोनों को सिक्यौर किया गया था। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा विपक्षी संख्या-1 व 2 बीमा कम्पनी को आदेशित किया गया है कि वे संयुक्त या प्रथकत आदेश के डेढ़ माह (45 दिनों) के भीतर बीमित/मृतक स्व0 सुनील कुमार शर्मा द्वारा विपक्षी संख्या-1 व 2 बीमा कम्पनी से उनके जीवन काल में लिऐ गये लोनों को सैक्योर करवाने के उद्देश्य से करवाई गयी दोनों बीमा पॉलिसियों के तहत देय कुल/सम्पूर्ण बीमित राशि रू0 3,00,00,000/-रू0 (तीन करोड़ रू0) का भुगतान नोमिनी/ परिवादिनी संख्या-1 श्रीमती हीरा शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री सुनील कुमार शर्मा के पक्ष में निर्गत/जारी कर दें तांकि वह अपने स्वर्गीय पति द्वारा लिये गये लोनों का समुचित रूप में भुगतान लोन प्रदाता बैंक/वित्तीय संस्थान को अदा कर सके। इसके अतिरिक्त परिवादीगणों को मानसिक वेदना की क्षतिपूर्ति हेतु रू0 50,000/-(पचास हजार रू0) तथा वाद व्यय के प्रतिकर के रूप में रू0 10,000/-रू0 (दस हजार रू0) का भुगतान करने के आदेश विपक्षी बीमा कम्पनी को दिया गया। निर्धारित समयावधि में आदेश अनुपालन सुनिश्चित न किये जाने की स्थिति में परिवादिनी उक्त रकम पर परिवाद योजित किये जाने की तिथि से वास्तविक रूप में सम्पूर्ण भुगतान प्रदान किये जाने की तिथि तक 6 प्रतिशत साधारण वार्षिक की दर से ब्याज सहित जोडक़र विपक्षी बीमा कम्पनी से प्राप्त करने की अधिकारिणी मानी जायेगी तथा बीमा कम्पनी के विरूद्ध धारा-71/72 की कार्यवाही अमल में लायी जा सकेगी। दूसरे परिवाद कमलेश कुमार तिवारी बनाम सीईओ थिंक एंड लर्न प्राईवेट लिमिटेड में परिवादीगण द्वारा अपनी पुत्री ईशिता तिवारी की नवीं व दसवीं कक्षा की ऑन लाईन कोर्स करवाये जाने हेतु ठलरने ऑनलाईन कोर्स हेतु आवश्यक भुगतान करने पर भी समय पर कोर्स सामाग्री उपलब्ध ना करने पर जिला उपभोक्ता आयोग, नैनीताल में परिवाद योजित किया गया। जिला उपभोक्त आयोग द्वारा विपक्षी को सेवा में कमी का दोषी पाते हुए विपक्षी संस्थान को आदेशित किया जाता है कि वे आदेश के डेढ माह (45 दिनों) की अवधि के भीतर परिवादीगणों द्वारा विपक्षी संस्थान को प्रश्नगत कोर्स प्रोडक्ट के लिए दिनांक 30/31 अगस्त 2023 को अदा की गयी कुल राशि रू0 68,627/-रू0(अड़सठ हजार छ- सौ सत्ताईस रू0) तथा उस पर दिनांक 27-10-2023 से परिवादीगणों को वास्तविक रूप में वापस अदा किये जाने की तिथि तक का 8 (आठ)प्रतिशत साधारण वार्षिक की दर से ब्याज सहित जोडक़र परिवादीगणों को अदा कर दें। इसके अतिरिक्त परिवादीगणों को हुई मानसिक वेदना की क्षतिपूर्ति के लिए 20,000/-रू0 (बीस हजार रू0) तथा वाद व्यय के रूप में 5,000/-रू0(पॉच हजार रू0) भी विपक्षी संस्थान को अदा करने के आदेश पारित किये गये। विपक्षी संस्थान द्वारा प्रस्तुत प्रकरण में अनुचित व्यापारिक व्यवहार के अनुसरण का कृत्य कारित करने के लिए विपक्षी संस्थान के उपर 25,000/-रू0(पच्चीस हजार रू0) का अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया गया।

## दो भाई संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रुद्रपुर।** विगत दिवस एटीएम से रूपये निकालने गये दो भाई संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गये। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ललित मोहन सिंह पुत्र स्व-टीका सिंह निवासी वनखण्डी नगर फेस 1 निकट दक्ष चौराहा, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 5 जनवरी को सांय उसने अपने दो बच्चो 16 वर्षीय रिषभ तथा 15 वर्षीय पियूष को अपना नैनीताल बैंक का एटीएम कार्ड लेकर एक स्कूल के पास स्थित एटीएम से रूपये निकालने के लिये भेजा था। दोनो बच्चे एक साईकिल लेकर घर से चले गये। तब से लेकर अभी तक उसके बच्चे घर पर वापस नही आये हैं। उसने अपने बच्चो की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है लेकिन बच्चो का कही पर कुछ पता नही चल रहा है। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर दोनों भाइयों की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज देख रही है।

## भर्ती प्रक्रिया में बीएड डिग्री व 6 माह का ब्रिज कोर्स के अभ्यर्थियों को शामिल मामले में याचिका खारिज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सहायक अध्यापक (प्राथमिक) की भर्ती प्रक्रिया में बीएड डिग्री व 6 माह का ब्रिज कोर्स किये अभ्यर्थियों को भी शामिल करने को लेकर दायर याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर खारिज कर दी हैं।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को देवेश शर्मा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में केवल उन बीएड डिग्री व ब्रिज कोर्स किये हुए अभ्यर्थियों को राहत दी थी जो इस आदेश के पारित होने से पूर्व नियुक्ति पा चुके थे और नई भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिये ये अभ्यर्थी अयोग्य माने गए थे। इस मामले की रिव्यू याचिका में सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2024 में पूर्व के आदेश को ही यथावत रखा था।


इन याचिकाओं की सुनवाई पिछले दिनों तत्कालीन कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हुई थी। उत्तराखंड में सहायक अध्यापक भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति में केवल डी एलएड उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही आवेदन करने की अनुमति थी जिसे मोहित कुमार व अन्य ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

याचिका में कहा गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार सहायक अध्यापक (प्राथमिक) की भर्ती में केवल डीएलएड अभ्यर्थियों को आवेदन करने का मानक एनसीटीई ने निर्धारित किया था लेकिन वर्ष 2018 में एनसीटीई ने इसमें आंशिक संशोधन कर बीएड डिग्रीधारियों को 6 माह का ब्रिज कोर्स करने पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की छूट दी थी। इस मामले में सरकार व एनसीटीई की ओर से कोर्ट को बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट ने एनसीटीई के इस संशोधन को रद्द कर दिया था और देवेश शर्मा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2023 में जारी अपने आदेश में कहा कि इस आदेश के पारित होने से पूर्व जो बीएड डिग्री धारी ब्रिज कोर्स के साथ नियुक्ति पा चुके हैं उन पर यह आदेश लागू नहीं होगा लेकिन सहायक अध्यापक (प्राथमिक) की नई भर्ती के लिये डीएलएड उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

याचिकाकर्ताओं का दावा है कि सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2024 में इस मामले की रिव्यू याचिका में बीएड डिग्री व ब्रिज कोर्स वाले अभ्यर्थियों को राहत दी है। हाईकोर्ट से उनकी याचिका खारिज होने पर अब वे पुनः सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। ब्रिज कोर्स संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व केंद्रीय संयोजक सुरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि वे उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों के ब्रिज कोर्स अभ्यर्थियों के साथ मिलकर सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे।

# फिल्मी दुनिया

## आलिया भट्ट होंगी अगली दीपिका पादुकोण?



*आलिया भट्ट ने स्टूडेंट ऑफ द ईयर में अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद से ही उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में काफी लंबा सफर तय किया है। राम कपूर, जिन्होंने टीवी में ज्यादा फिल्म में कुछ अहम भूमिकाओं ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। हाल ही में राम ने आलिया के स्टारडम के बारे में बातचीत की। बड़े अच्छे लगते है टीवी सीरियल से सभी के पसंदीदा अभिनेता बन चुके राम कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान आलिया भट्ट के बारे में कहा की वह बॉलीवुड की अगली दीपिका पादुकोण होंगी। लेकिन राम ने भला ऐसा क्यों कहा। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान टीवी अभिनेता राम कपूर ने आलिया की अभिनय क्षमता और स्टारडम के बारे में बात की। राम कपूर ने कहा कि आलिया भट्ट में दीपिका पादुकोण जैसी बनने की क्षमता है। उन्होंने आलिया के डेब्यू के दिनों को याद करते हुए कहा, वह आज आलिया भट्ट हैं, जिन्होंने एक कपूर से शादी की है। अगर वह जिस तरह से आगे बढ़ रही हैं, वैसे ही आगे बढ़ेंगी तो वह दीपिका होंगी। वह कोई स्टार किड नहीं हैं। वह किसी से भी ज्यादा प्रोफेशनल हैं, मैंने यह देखा है। आज के समय में, अगर आप ऐसे नहीं हैं, तो इंडस्ट्री आपको अलविदा कह देती है।*

### आलिया के डेब्यू को किया याद

*राम कपूर ने याद करते हुए कहा कि जब आलिया, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक साथ डेब्यू कर रहे थे, तब हर कोई बहुत छोटा था। इंडस्ट्री इतनी कठिन है कि हर कोई उसे शक की निगाह से देख रहा था। आलिया सबसे छोटी थी। उस समय, अगर आप किसी से कहते कि आलिया वह सब हासिल करेगी जो उसने आज हासिल किया है, तो कोई भी विश्वास नहीं करेगा।*

*राम कपूर ने कहा, बॉलीवुड डेब्यू के वक्त आलिया, वाकई में एक छोटी सी बच्ची थी। वह आज की आलिया नहीं है। वरुण और सिद्धार्थ के लिए, लोगों को लगा कि शायद उनके पास मौका है, लेकिन आलिया एक बच्ची थी। आज उसने जो हासिल किया है, उसे देखते हुए, सलाम!*

## मानसखंड योजना के अंतर्गत मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सरोवर नगरी नैनीताल के प्रसिद्ध श्री मां नयना देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के तहत मानसखंड योजना के अंतर्गत टाइल्स लगाने का काम बुधवार (आज) से शुरू किया जाएगा।बता दें कि यह कार्य मल्लीताल पुलिस चौक से लेकर गुरुद्वारे तक की लगभग 261 मीटर लंबे मार्ग पर किया जाएगा।

इस परियोजना के तहत पंत पार्क मार्ग पर टाइल्स लगाए जाएंगे जिसमें हर बार लगभग 20 मीटर तक टाइल्स लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। काम की शुरुआत में स्थानीय लोगों और दुकानदारों को असुविधा का सामना हो सकता है जिसके लिए लोनिवि ने उनसे सहयोग की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया कि इस कार्य से क्षेत्र की सुंदरता में वृद्धि होगी और पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा। कहा कि यह कदम न केवल धार्मिक स्थल के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देगा बल्कि पर्यटकों और स्थानीय समुदाय के लिए एक समग्र विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। इस कार्य के पूरी होने के बाद नयना देवी मंदिर क्षेत्र और उसके आसपास के इलाकों में यातायात और पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों से भी इस परियोजना में सहयोग की अपील की गई है ताकि कार्य सुचारू रूप से चलता रहे और किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। लोनिवि के सहायक अभियंता विवेक धर्मशत्तु ने बताया कि बुधवार (आज) से पंत पार्क में टाइल्स लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

News कॉर्नर

## पोलों में तार शिफ्टिंग के चलते क्षेत्र में कई घंटे बिजली गुल

**नैनीताल ।** नैनीताल के तल्लीताल डांठ क्षेत्र में पोलों में तार शिफ्टिंग के चलते क्षेत्र में कई घंटों तक बिजली गुल रही। इस दौरान लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बता दें कि सडक़ चौड़ीकरण के चलते इन दिनों पोल शिफ्टिंग के कार्य के बाद बिजली की लाइन शिफ्ट की जा रही है। मंगलवार को दिन से ही तार शिफ्टिंग का कार्य करने के दौरान क्षेत्र में कई घंटो तक बिजली गुल रही। इस दौरान लोगों को बिना लाइट के ठंड में घरों के अंदर दुबके रहना पड़ा। लोग अधिकारियों को कॉल करते रहे लेकिन कई घण्टों तक बिजली नहीं आई। लोगों ने ठंड के दिनों में शाम के समय बिजली की लाइन में काम करने पर नाराजगी व्यक्त की है। मामले में ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि तार शिफ्टिंग के दौरान कुछ घण्टे तक क्षेत्र में बिजली बाधित रही। लेकिन देर शाम लाइन शिफ्ट कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई।

## दो माह पहले लापता युवती की गुमशुदगी दर्ज,पुलिस जुटी तलाश में

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से लापता युवती की पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल युवती का कोई सुराग नहीं लगा है। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ किराए पर रहती है। महिला ने बताया कि उसकी पुत्री 8 नवंबर 2024 को सुबह लगभग 6 बजे घर से रोजाना कि तरह काम पर गई थी। शाम तक घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। पुत्री की घर के आस -पास व अपने करीबी रिश्तेदारो के पास काफी खोजबीन की लेकिन पुत्री का कही कुछ पता नही लगा। महिला ने पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# योजनाओं के कार्य सर्वप्रथम निर्धारित समय पर पूरा करेंगे: गजराज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी के मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत , लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट एवं निवर्तमान मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला के साथ संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए गजराज सिंह बिष्ट ने कहा भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला के द्वारा हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र की जनता के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजनाओं जिनमें गैस पाइप लाइन , पीने का पानी एवं सीवर लाइन जैसे कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करने का काम सर्वप्रथम करेंगे। भविष्य की योजनाओं में बताते हुए गजराज सिंह बिष्ट ने कहा हल्द्वानी तहसील परिसर में 370 करोड़ रुपये की लागत से सात मंजिला प्रशासनिक बहुउद्देशीय भवन नमो भवन का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें प्रशासनिक कार्यालयों के साथ ऑडिटोरियम और 450 गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा होनी है इस योजना का कार्य शुरू करना उनकी प्राथमिकता होगी ।

गजराज सिंह बिष्ट ने राज्य आंदोलकारियों पर गोली चलवाने एवं मातृशक्ति की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वाली समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के साथ गठबंधन करने पर कांग्रेस प्रत्याशी को स्वयं को राज्य आंदोलनकारी कहना बन्द करने की सलाह दे डाली । निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने बताया उन्होंने अपने कार्यकाल में सड़कों का पुनर्निर्माण , सिटी फॉरेस्ट निर्माण , आवारा पशुओं की व्यवस्था , कूड़ा निस्तारण एवं स्वच्छता , के साथ साथ हल्द्वानी नगर निगम ने रिकॉर्ड समय में 90 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य किए हैं, जिससे यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला शहर बन गया है। विधायक बंशीधर भगत ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा हल्द्वानी नगर निगम में अनवरत विकास कार्य चलते रहें उसके लिए भारतीय जनता पार्टी का मेयर चुना जाना आवश्यक है । विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा नगर निगम हल्द्वानी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की जीत के साथ ट्रिपल इंजन सरकार होगी जिसकी विकास की गति हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र की जनता विगत दस वर्षों से देख रही है । पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट , चुनाव प्रभारी मनोज पाल, विधायक बंशीधर भगत , मोहन सिंह बिष्ट , निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला , प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत , महामंत्री रंजन बर्गली, नवीन भट्ट , विनोद मेहरा , भुवन जोशी , रेणु अधिकारी मौजूद रही।

# उत्तराखंड में जल्द ही राशन के साथ मिलेगा सरसों का तेल

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड में जल्द ही राशन के साथ सरसों का तेल भी मिलेगा। इसके लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले की मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिला पूर्ति अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर कई योजनाओं की समीक्षा की।

मंत्री ने बताया, धान खरीद के मामले में इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश का आंकड़ा संतोषजनक रहा है। अफसरों को अगले वित्तीय वर्ष में इसे और अधिक बढ़ने के लिए कहा गया है। बैठक में राशन की दुकानों के आवंटन में महिला आरक्षण लागू करने के प्रस्ताव को तेजी से स्वीकृत कराने के निर्देश भी दिए। ईस दौरान राशन डीलरों का लाभांश और परिवहन भाड़ा भुगतान दिसंबर 2024 तक करने के निर्देश दिए। इसमें से कुछ भुगतान अगले दो-तीन दिन में हो जाएगा। सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को कहा, वे अपने जनपद में अनाज वितरण के लिए एक ही बार में सही व सटीक आकलन करके भेजें, क्योंकि इसमें एक ही बार केंद्र से पैसा स्वीकृत होगा। कहा, अगर किसी जनपद से कम बजट की मांग की गई तो बाद में उसे संशोधित करना संभव नहीं होगा। बैठक में अंत्योदय कार्ड धारकों को मिलने वाले एलपीजी गैस रिफिलिंग को बढ़ाने का निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री नमक योजना के बारे में जनता की प्रतिक्रिया किस तरह की है, इसकी जानकारी भी सभी जिला पूर्ति अधिकारियों से ली।

# लोनिवि को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश होने के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के आशन बैराज से निकलने वाली नहरों के ऊपर बने कई पुलों में भारी वाहन चलाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ ने मामले को अति संवेदनशील पाते हुए चीफ सैकेट्री व सैकेट्री लोक निर्माण विभाग से बुधवार (आज) को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने को कहा है। दूसरी ओर मामले की सुनवाई बुधवार (आज) भी जारी रहेगी। बता दें कि मंगलवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इन पुलों में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगी हुई है लिहाजा सरकार के पास कोई अतिरिक्त मार्ग नही होने की वजह से इस रोक को हटाया जाए क्योंकि भारी वाहन स्वामियों को नुकसान हो रहा है जबकि याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि भारी वाहन चलाने के लिए राज्य सरकार के पास एक अतिरिक्त विकल्प है जो 15- 16 किलोमीटर दूर से है लेकिन बडे वाहन स्वामी फियूल बचाने की वजह से उस मार्ग का प्रयोग नहीं कर रहे हैं न ही राज्य सरकार इन पुलों की मरम्मत कर रही है न ही नए पुलों का निर्माण।

कहा कि इन पुलों की औसतन आयु समाप्त हो चुकी है। ये कभी भी धरासाई हो सकते हैं इसलिए इनपर माल से लदे भारी वाहनों को चलाने की अनुमति न दी जाय। कोर्ट ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए चीफ सैकेट्री व सैकेट्री लोक निर्माण को बुधवार (आज) स्थिति से अवगत कराने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए। बता दें कि देहरादून के सामाजिक कार्यकर्ता रघुनाथ सिंह नेगी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि देहरादून के आशन बैराज से निकलने वाली नहरों के ऊपर 1965 में उत्तर प्रदेश सरकार ने आवाजाही हेतु कई पुलों का निर्माण किया गया था। पुलों की भार वहन करने की क्षमता कम होने के कारण ये कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसलिए पुलों के ऊपर भारी वाहन व ट्रैफिक पर रोक लगाई जाय और इनकी मरम्मत की जाय। जाँच एजेंसियों ने भी इनका सर्वे किया उसमें भी भारी वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी गई।

# मताधिकार के प्रति जागरूक करने को 12 जनवरी को होगी दौड़

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 12 जनवरी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा 10 किमी दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हाथीबड़कला स्थित सर्वे ऑफ इंडिया स्टेडियम से शुरू होगा और इसका उद्देश्य नागरिकों को मताधिकार के प्रति जागरूक करना है।

इस दौड़ की थीम स्वस्थ मतदाता-स्वस्थ लोकतंत्र रखी गई है। इसमें भारतीय सेना, इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी), उत्तराखंड पुलिस, सचिवालय एथलेटिक क्लब और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भाग लेंगे। सर्वे स्टेडियम से प्रतिभागी न्यू कैंट रोड होते हुए राजभवन के सामने से महिंद्रा ग्राउंड तक पहुंचेंगे। महिंद्रा ग्राउंड का पूरा चक्कर लगाकर वापस सर्वे स्टेडियम पहुंचकर 10 किमी की दौड़ पूरी होगी।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंगडे ने बताया कि दौड़ के लिए प्रतिभागियों को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले कुल 15 विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।डॉ. जोगदंगडे ने जानकारी दी कि अब तक इस दौड़ के लिए 600 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 8 जनवरी तय की गई है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवा इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं।यह आयोजन न केवल स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के महत्व को भी उजागर करेगा।



## सूचना

हमारी सोसायटी आजीविका मिशन समिति का नाम परिवर्तन कर नया नाम श्री कल्याण सेवा समिति किया जा रहा है। यदि किसी को सोसायटी के नाम परिवर्तन पर कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिन के भीतर फर्म सोसायटी एवं चिट्स के हीरानगर, हल्द्वानी स्थित कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।- **अध्यक्ष, आजीविका मिशन समिति, सुंदरम हाउस, जगदम्बा नगर हल्द्वानी, जिला-नैनीताल**

# डॉ. शेर सिंह इंटरनेशनल प्लांट साइंस लाइफ टाइम अचीवमेंट से सम्मानित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नासी फेलो डॉ. शेर सिंह सामंत को इंटरनेशनल प्लांट साइंस लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

बता दें कि वर्तमान में डॉ. सामंत मानसखंड साइंस सेंटर सुनौल श्यालीधार यूकॉस्ट में एमिरेट्स साइंटिस्ट हैं तथा पूर्व में एचएफ आरई शिमला में निदेशक रह चुके हैं । यह पुरस्कार डा.सामंत को मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स तथा सिफाक्स कंपनी ग्रुप द्वारा दिया गया है। डॉ सामंत ने पीएचडी पीजी तथा यूजी कुमाऊं विश्वविधालय नैनीताल के डीएसबी परिसर से पूर्ण की तथा डॉ सामंत के 382 शोध पत्र प्रकाशित हैं जबकि 34 विद्यार्थी उनके निर्देशन में पीएचडी कर चुके हैं,उन्हें 16 अवॉर्ड पूर्व में मिल चुके है तथा 13 हिन्दी बुकलेट्स, 70 आर्टिकल्स व 38 बुक चैप्टर्स व 5 बायोस्फ ीयर बुलेटिन उनके प्रकाशित हैं तथा 40 शोध परियोजनाओं को पूर्ण कर चुके हैं तथा 22 मैनुअल वैदर स्टेशन स्थापित कर चुके है । डॉ सामंत की 15 पुस्तके प्रकाशित की हैं। डॉ सामंत फेलो ऑफ थेनोबोटनिस्ट, फेलो ऑफ रॉयल सोसाइटी ऑफ बायोलॉजी लंदन तथा फेलो ऑफ लाइनें सोसाइटी लंदन हैं । क्अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर चुके डा. सामंत इंग्लैंड , वेल्स तथा स्विट्जरलैंड व चीन तथा नेपाल की अकादमिक यात्रा कर चुके है। उत्तर भारत की पांच नदियों के बेसिन के रिजुवनेशन डीपीआर निर्माण के चीफ कॉर्डिनेटर भी रहे । उनकी इस उपलब्धि पर एलुमनी सेल अध्यक्ष डॉ. बी एस कालाकोटी तथा महा सचिव प्रो. ललित तिवारी सहित यूटा के संयोजक प्रो. नवीन शर्मा व कूटा उपाध्यक्ष प्रो. नीलू लोधियाल,डॉ दीपक कुमार,डॉ विजय कुमार तथा डॉ संतोष कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सकारात्मक सोच, सुख, शांति व मानसिक तनाव मुक्त जीवन शैली को शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सकारात्मक सोच, सुख, शांति व मानसिक तनाव मुक्त जीवन शैली के लिए सहजयोग बुधवार को योग शिविर एनसीसी कैम्प रानीबाग में लगाया गया। शिविर में पूर्व कोऑर्डिनेटर राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सहजयोग के नियमित ध्यान से हमारे मनोवैज्ञानिक,शारीरिक,आध्यात्मिक समझ मे सुधार होता है मानसिक संतुलन और निरोग शरीर मिलता है ध्यान किया नहीं जा सकता हम ध्यान की स्थिति में चले जाते हैं यह एक स्वत: होने वाली प्रक्रिया है। व्यक्ति के विचार या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्य काल में,जब हम अत्यधिक भूतकाल या भविष्य काल के विचारों में चले जाते हैं तो हमारे शरीर में तनाव आ जाता है और हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक असंतुलन आ जाता है। वही निर्मला देवी द्वारा बताएं सहजयोग ध्यान करने से हम स्वयं ही निर्विचार अवस्था को प्राप्त कर जाते हैं और वर्तमान की स्थिति में आ जाते हैं। निर्मला देवी ने 5 मई 1970 से गुजरात नारगोल से सहजयोग की शुरुआत की थी आज विश्व के 150 से ज्यादा देशों के लाखों लोग सहजयोग ध्यान का लाभ प्राप्त कर रहे हैं यह एक स्वत: होने वाली प्रक्रिया है जिसमें हम शरीर में उपस्थित तीनों नाड़ियां इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना व सात चक्रों में कुंडलिनी जागरण से संतुलन प्राप्त करते हैं। वही 365 एनसीसी कैडेट व स्टाफ को कुंडलिनी जागरण को अपने आत्म साक्षात्कार की अनुभूति हुई।

इस अवसर चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र मिश्रा,पूर्व केंद्र समन्वयक आरएस बिष्ट,स्टेट कॉर्डिनेटर प्रचार-प्रसार मनोज त्रिपाठी ,राकेश आर्या, एमएन गोस्वामी,घनश्याम बोरा, राधा बिष्ट ,नवलकिशोर जोशी, हर्षित साह, एनएसनेगी, एके मिश्रा, समेत अन्य लोग मौजूद रहें।